# हिंदीत्तर भाषी कार्मिकों के लिए टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांक 21 नवम्बर 2023, जोधपुर

दिनांक 21.11.2023 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जोधपुर-2 के अध्यक्षीय कार्यालय भाकृअनुप-केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में समिति के सदस्य कार्यालयों हिंदीत्तर भाषी कार्मिकों के लिए टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | प्रतियोगिता में केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसन्धान संस्थान, रक्षा प्रयोगशाला, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, शुष्क वन अनुसन्धान संस्थान, राष्ट्रीय असंचारी रोग कार्यान्वयन अनुसन्धान संस्थान, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान आदि कार्यालयों के कार्मिकों ने भाग लिया | श्री नवीन कुमार यादव, उप निदेशक (राजभाषा) एवं सदस्य सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जोधपुर-2 ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य हिंदीत्तर भाषी कार्मिकों को कार्यालयी कार्य राजभाषा हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना है | सदस्य सचिव ने इस आयोजन के लिए समिति के अध्यक्ष एवं निदेशक केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसन्धान संस्थान, जोधपुर-2 डॉ. ओ पी यादव के प्रति आभार व्यक्त किया |